# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 10358 / 2026

दिनांकः 14 अगस्त, 2026

शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध

सेवा में,

01. निदेशक शैक्षणिक,
विश्वविद्यालय परिसर।

02. प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

**विषयः–''तिरंगा यात्रा'' के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी (अपर मुख्य सचिव स्तर), उत्तर प्रदेश के पत्र संख्याः ई–5503 / 32–जी0एस0 / 2025, दिनांकः 13 अगस्त, 2026 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से समस्त राज्य विश्वविद्यालयों / संस्थानों में युवाओं के मध्य राष्ट्रीय चेतना, देशभक्ति एवं तिरंगे के सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से **''तिरंगा यात्रा''** के आयोजन के दिशा–निर्देश प्रदान किये गये हैं।

**तत्क्रम में माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार आप सभी से यह अपेक्षा की जाती है कि संलग्न पत्र में दिये गये दिशा–निर्देशानुसार यथावांछित कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित करते हुए कृत कार्यवाही की सूचना अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।**

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(एस0एल0 पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. माननीय कुलपति जी।
2. डॉ0 कृष्ण कुमार सिंह, समन्वयक, रा0से0यो0, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया को तत्क्रम में अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. डॉ0 संजीव कुमार, कार्यक्रम समन्वयक, रा0से0यो0, विश्वविद्यालय परिसर को तत्क्रम में अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
5. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने तथा कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
6. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश

**लखनऊ–226027**

संख्या ई– 5503 / 32–जी.एस / 2025

दिनांक 13 अगस्त, 2026

1. Dr. K. K. Singh
Coordinator, NSS
2. Dr. Sanjeev Singh
JNCU,
13/08/2026

प्रेषक

**श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,**
**(अपर मुख्य सचिव स्तर), उत्तर प्रदेश।**

सेवा में,

कुलपति / निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

महोदय / महोदया,

कृपया माननीय राज्यपाल / कुलाधिपति महोदया जी के निर्देशानुसार आपको अवगत कराना है कि समस्त राज्य विश्वविद्यालयों / संस्थानों मे युवाओं के मध्य राष्ट्रीय चेतना, देशभक्ति एव तिरंगे के सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "तिरंगा यात्रा" का आयोजन किया जाना है।

2. यह आयोजन राज्य के प्रत्येक विश्वविद्यालय / संस्थान में प्रतिदिन निरंतर 15 दिनो तक आयोजित किया जाएगा। इस यात्रा को सफल एवं प्रभावी बनाने हेतु कृपया निम्नलिखित दिशा–निर्देशो का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें :–

2.1 विश्वविद्यालय / संस्थान परिसर तथा आसपास के निर्धारित क्षेत्रों मे प्रतिदिन प्रभात फेरी / तिरगा यात्रा का आयोजन समयबद्ध तरीके से किया जाए।

2.2 इस 15 दिवसीय यात्रा में संकाय सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों, एन.सी.सी. (NCC), एन.एस.एस. (NSS) एवं अधिकाधिक छात्र–छात्राओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

2.3 विश्वविद्यालय / संस्थान अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले सभी सम्बद्ध महाविद्यालयो को भी अपने–अपने परिसरों में इस 15 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन कराने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करें।

2.4 यात्रा के समय प्रतिदिन देशभक्ति गीतों, स्लोगन लेखन, भाषण एवं स्वच्छता अभियानों जैसे प्रेरक कार्यक्रमों को भी जोड़ा जाए।

3. अतएव इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रतिदिन आयोजित होने वाली 15 दिवसीय यात्रा के उच्च गुणवत्ता वाले फोटोग्राफ्स, वीडियो तथा दैनिक प्रगति की सूचना इस सचिवालय के ई–मेल <dseducationsecup@gmail.com> पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

अतः आपसे अपेक्षा है कि इस राष्ट्रीय महत्त्व के कार्यक्रम को गरिमामय एवं भव्य रूप से आयोजित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर करने का कष्ट करें।

भवदीय,

13/8/26

**( डॉ. सुधीर एम. बोबडे )**
भा.प्र.से (से.नि.)
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी
( अपर मुख्य सचिव स्तर )